राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय -20

मनोवैज्ञानिक विकार

कार्यपत्रक - 20

1. कम से कम 5 लोगों का साक्षात्कार कीजिए और वे "सामान्य और असामान्य व्यवहार" से क्या समझते हैं, इस पर जानकारी एकत्र कीजिए । एकत्रित जानकारी का वर्णन करते हुए एक रिपोर्ट लिखें।
2. मनोवैज्ञानिक विकार शब्द की परिभाषा दीजिए तथा मनोवैज्ञानिक विकार के लक्षणों की व्याख्या कीजिए।
3. उन विचारों पर प्रकाश डालिए जो सामान्य और असामान्य व्यवहार के बीच अंतर करते हैं।
4. अक्सर विकारों के पीछे कुछ खास कारण होते हैं। कम से कम दो ऐसे कारकों का वर्णन कीजिए जो मनोवैज्ञानिक विकारों के उत्पन्न होने में योगदान कर सकते हैं।
5. पारुल शिकायत कर रही है कि पिछले एक महीने से वह अचानक एक विषद चिंता से भर जाती है और उसके हृदय गति बढ़ जाती है, ऐसा लगता है कि वह ठीक से सांस भी नहीं ले पा रही है। पारुल को होने वाले मनोवैज्ञानिक विकार की पहचान करें और इसके लक्षणों का वर्णन कीजिये ।
6. अब्राहम को लगातार सिर दर्द की शिकायत रहती है, लेकिन डॉक्टर इसका कोई जैविक कारण नहीं खोज पा रहे थे। सिरदर्द के कारण अब्राहम ठीक से काम नहीं कर पा रहा है। इस स्थिति के बारे में आपकी क्या राय है ? अपने जवाब का औचित्य सिद्ध कीजिये ।
7. अमन के पिता ने देखा कि वह अपनी दैनिक गतिविधियों में उस तरह से रुचि नहीं दिखा रहा है जिस तरह से वह पहले दिखाता था और पिछले एक महीने में उसने भोजन का सेवन भी कम

कर दिया है। जब भी अमन की माँ उससे उसकी पढ़ाई के बारे में पूछती है, तो उसका जवाब निराशा और लाचारी का संकेत देता है। अमन के माता-पिता को विकार की पहचान करने और उसे समझाने में मदद कीजिये।

8. एक व्यक्ति ने शराब के सेवन की आदत को छोड़ने का फैसला किया है क्योंकि इस आदत के कारण उसे दैनिक जीवन में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। व्यक्ति को होने वाले विकार को पहचानें और उसका नाम दें और इस आदत को छोड़ने की प्रक्रिया में शामिल विभिन्न चरणों का उल्लेख कीजिये।
9. मनोविदलन विकार की विभिन्न श्रेणियों और लक्षणों का वर्णन करें।
10. रिया ने अपनी कक्षा में नुकसान पहुचने वाला व्यवहार दिखाया है, उसने अपनी उम्र के बच्चों को मारा और जानवरों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी दिखाया। उस व्यक्तित्व विकार की पहचान करें जिससे रिया पीड़ित हो सकती है। आपने जवाब का औचित्य सिद्ध कीजिये।